टिकटों की जांच करते हैं और स्टेशनों पर गाड़ी से उतरने वाले यात्रियों के टिकट एकत्रित करते हैं ; और

(ii) चल टिकट-परीक्षक जो चलती गाड़ियों में यात्रियों के टिकटों की जांच करते है और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने-अपने खण्डों पर काम करते हैं ।

इन कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली सामान्य जांच के अतिरिक्त यात्रा को रोकने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जाते हैं:—

(1) वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के पर्यवेक्षण में टिकट जांच कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा दल, सरकारी रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस के कर्मचारियों के बड़े दल संगठित करके बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए बड़े पैमाने पर विशेष रुप से धावों का आयोजन किया जाता है ।

(2) बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय में संयुक्त अभियान चलाये जाते हैं ।

(3) यदा-कदा संकेन्द्रित अचानक छापे विशेष रुप से चल जांच दलों द्वारा ये छापे सड़क परिवहन द्वारा यात्रा करके मारे जाते हैं । इन दलों में रेल सुरक्षा दल / पुलिस और रेलवे मजिस्ट्रेट शामिल होते हैं ।

(4) चल स्टाफ परीक्षकों द्वारा सादी पोशाक में गुप्त रुप से जांच ।

(5) मुख्यालय और मंडल टिकट जांच दलों द्वारा मार्गवर्ती खंडों पर गाड़ियों को बीच में रोक कर प्रतिस्थापन जांच ।

(6) एक रेलवे के जांच कर्मचारियों को दूसरी रेलवे पर लगाना ।

(7) यात्री जनता में, विशेष कर विद्यार्थी समुदाय में बिना टिकट यात्रा के विरुद्ध शैक्षणिक प्रचार किया जाता है ।

आमला-परासिया यात्री रेलगाड़ी को परासिया—बेतूल यात्री रेलगाड़ी में बदलना

4871. श्री सुभाष आहूजा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश में आमला—परासिया यात्री रेलगाड़ी को परासिया—बेतूल यात्री रेलगाड़ी में बदलने का है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्री (प्रो॰ मधु दंडवते): (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Estimate of Production of N.P.K.

4872. SHRI ANNASAHEB P. SHINDE: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) current year's estimate of production of N. P. K. in our country; and

(b) how would this compare with the production of last year ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS SHRI (H. N. BAHUGUNA): (a) and (b). The estimates of production for 1977-78 and the actual production during 1976-77 are given below:—

(in lakhs tonnes)

	Estimates for 1977-78	Actual production in 1976-77
Nitrogen . .	22·00	19·00
Phosphate . .	7·20	4·80